**पद : प्रबंधक (नियामक)** **पद कोड : MII-MR-01**

**कुल पद : 1 (एक)**

**कार्य अवधि :** मेक इन इंडिया के लिए जैव प्रौद्योगिकी उद्योग सुविधा प्रकोष्ठ कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (पीएमयू) की स्थापना जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) द्वारा बाइरैक में की गई है। यह पद पूर्ण रूप से अस्थायी (अनुबंध के आधार पर) है और परियोजना की समाप्ति के साथ समाप्त हो जाएगा। परियोजना की वर्तमान अवधि मार्च 2026 तक है।

**समेकित पारिश्रमिक** : योग्यता और अनुभव के आधार पर प्रति माह 90,000/- रु. से 2,70,000/- रु. के मध्य बीच एकमुश्त राशि।

**नौकरी का विवरण** : बायोटेक क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय मिशन कार्यक्रम - मेक इन इंडिया (MII) का नेतृत्व डीबीटी द्वारा किया जाता है जो कि वर्ष 2015 से बाइरैक संस्था द्वारा समर्थित है। PMU नीति वकालत, डेटा अनुसंधान और विश्लेषण, हितधारकों के परामर्श का कार्य करता है और रणनीतिक इनपुट प्रदान करता है। यह बायोफाउंड्री/बायोमैन्युफैक्चरिंग पहल का समर्थन करता है। इस PMU के तहत स्थापित बायोटेक क्षेत्र के लिए परियोजना विकास प्रकोष्ठ मुख्यतः निवेश मंजूरी प्रकोष्ठ देश की जैव अर्थव्यवस्था और बायोटेक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए इन्वेस्ट इंडिया और डीबीटी के साथ मिलकर काम करेगा। चयनित व्यक्ति ICC गतिविधियों के निष्पादन और कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होंगे। DBT, DPIIT, इन्वेस्ट इंडिया, अन्य सहित अंतर-मंत्रालयी जुड़ाव के माध्यम से उद्योग/निवेशकों से निवेश योग्य परियोजनाओं को विनियामक सहायता प्रदान करना और एकल समाधान प्रणाली के विकास में भाग लेना उनका उत्तरदायित्व होगा।

**रिपोर्टिंग** : चयनित अभ्यर्थी मिशन निदेशक – एमआईआई को रिपोर्ट करेंगे।

**मुख्य उत्तरदायित्व :**

- विनियामक एजेंसियों, उद्योगों, स्टार्टअप्स/एसएमई के साथ बातचीत करना।
- उद्योगों, स्टार्टअप्स/एसएमई को विनियामक सहायता के लिए बातचीत की सुविधा प्रदान करना।
- एकल समाधान प्रणाली के माध्यम से प्रश्नों का उत्तर देना और बायोटेक क्षेत्र के लिए व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना।
- विनियामक बैठकों का समन्वय करना, तैयारियों की जानकारी देना और बैठक के कार्यवृत्त तैयार करना।
- विकसित हो रही विनियामक आवश्यकताओं, दिशा-निर्देशों और उद्योग के रुझानों से अद्यतित रहना और उत्पाद विकास और पंजीकरण पर उनके प्रभाव का आकलन करना।
- हितधारकों के साथ संवाद के माध्यम से रणनीति संबंधी बैठकों, विजन दस्तावेजों, क्षेत्रीय कमियों और सिफारिशों के संगठन, समन्वय और दस्तावेज़ीकरण में योगदान देना।
- मेक इन इंडिया के अधिदेश के साथ संरेखित अन्य कार्यों में योगदान देना।

**अनिवार्य योग्यता :**

जीवन विज्ञान/अन्य संबद्ध क्षेत्रों में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 4 वर्षीय स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम

**वांछनीय योग्यता :**

जीवन विज्ञान/अन्य संबद्ध क्षेत्रों में पीएचडी

उत्तम लिखित और मौखिक संचार कौशल

**अनुभव :**

सीडीएमओ/सीआरओ/जीवन विज्ञान उद्योग/सरकारी एजेंसी/परामर्श फर्म में उत्पाद विकास और/या जैविक/फार्मा/एग्रीटेक एवं खाद्य/अन्य संबंधित क्षेत्रों में विनियामक अनुपालन के प्रबंधन में न्यूनतम 3 वर्षों के अनुभव के साथ 6-8 वर्षों का अनुभव।

**वांछनीय :** नई सुविधा/नए उत्पाद विनिर्माण, जीएमपी, स्तनधारी और जीवाणु प्रणाली सुविधाओं की स्थापना का अनुभव और समझ, उद्योग, अनुबंध अनुसंधान संगठन, स्टार्ट-अप, अन्य में अनुभव से सर्वोत्तम प्रथाओं का कार्यसाधक ज्ञान।

**आयु सीमा :** रिक्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम 38 वर्ष।